सतना | शुक्रवार | 8 अगस्त 2025 | वर्ष 26 | अंक 335 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत



5 274 लोगों का रेस्क्यू उत्तराखंड पहुंचाया



6 भारत में कृषि क्रांति तेज गति से जारी



7 इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 47 प्रतिशत की छलांग


8 दादा सीएबी अध्यक्ष पद के लिए भरेंगे नामांकन


## एक नज़र में



### आठ लाख का नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**मोहला-मानपुर.** छत्तीसगढ़ के मोहला मानपुर में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के जवानों ने मौके से पिस्तौल और कारतूस के साथ आठ लाख रुपये का इनामी नक्सली कमांडर को गिरफ्तार किया है. मुठभेड़ स्थल से नक्सल सामग्री भी बरामद किया गया है। इसकी पुष्टि पुलिस अधीक्षक ने भी की है। घटना बुधवार शाम को मदनवाड़ा थाना क्षेत्र के खुर्सेखुर्द-खुर्सेकला गांव से लगे जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान एक नक्सली को जवानों ने पकड़ा। इनामी नक्सली कमांडर को पकड़ने में मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी पुलिस को सफलता मिली है। नक्सली के पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, चार कारतूस, मोबाइल, दो खोखे, 11 हजार रुपये और अन्य सामान बरामद किया गया है।

### पंजाब में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

**तरनतारण.** पंजाब में स्वतंत्रता दिवस से पहले एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने गुरुवार को पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य हरविंदर रिंदा और पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा समर्थित आतंकवादी लखबीर उर्फ लांडा की ओर से रची गई एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया. पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि विश्वसनीय मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर, एजीटीएफ ने तरनतारन पुलिस के साथ मिलकर एक तलाशी अभियान शुरू किया और हरविंदर उर्फ रिंदा के साथियों तक पहुँचने से पहले ही तरनतारन में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद कर लिया.

## गुस्ताखी माफ





# टैरिफ पर आर-पार

## बोले पीएम मोदी : किसानों के हितों से समझौता नहीं

**यूएस की घुड़की से नहीं डरेगा भारत**


**पीएम मोदी ने कहा-चाहे कोई भी कीमत चुकानी पड़े**



**नयी दिल्ली, 07 अगस्त. भारत के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत की व्यापारिक कार्रवाई के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को साफ-साफ कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा. मोदी प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक और हरित क्रांति के जनक स्वर्गीय डॉक्टर एम् एस् स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में यहां आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे.**

प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है. मोदी ने कहा कि ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाने के बाद भी भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई बहनों के हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेगा. उन्होंने आगे कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह व्यक्तिगत रूप से इसकी भारी कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं. ट्रंप के टैरिफ पर भारत की दो टूक कहते हुए मोदी ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, खेती पर खर्च कम करने और उनकी आय के नए स्रोत बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है. इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद भवन में तमिलनाडु के किसानों के एक समूह से मुलाकात की और उनके अनुभव तथा सुझाव सुनें. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा, आज संसद भवन में तमिलनाडु के किसानों के एक समूह से मुलाकात की. उनके अनुभवों, नवाचार पर उनके फोकस और उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ स्थिरता बढ़ाने के लिए नई कृषि तकनीकों को अपनाने के बारे में सुनकर आश्चर्यचकित हूं.

### अगस्त के अंत में भारत दौरे पर आयेंगे राष्ट्रपति पुतिन



पुतिन पिछली बार दिसंबर 2021 में भारत आए थे, जबकि पीएम मोदी ने 2023 में रूस की दो यात्राएं की थीं. इसी बीच रूस अपनी दोस्ती निभाते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगस्त महीने के अंत में भारत की यात्रा पर आ सकते हैं. यह दौरा भारत-रूस के बीच वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक की परंपरा के तहत हो रहा है. साथ ही पुतिन का यह दौरा अमेरिका को भारत-रूस की मजबूत दोस्ती का करारा जवाब होगा. भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पुतिन के भारत दौरे के कार्यक्रम की पुष्टि कर दी है. पीएम मोदी ने पुतिन को भारत आने का न्यौता दिया था.

### टैरिफ अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन : वांग यी




इसी बीच चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत सहित अन्य देशों पर ट्रंप द्वारा टैरिफ थोपे जाने की कड़ी आलोचना करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है. चीन ने कहा है कि अमेरिका अन्य देशों को दबाने के लिए टैरिफ को हथियार बना रहा है. भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने चीनी विदेश मंत्री के बयान को सोशल मीडिया साइट एक्स पर शेयर किया. फेइहोंग ने इसके कैप्शन में लिखा, आप धमकी देने वाले को एक इंच दो, वह एक मील ले लेगा. वहीं चीन ने ब्राजील की संप्रभुता और विकास के अधिकार के प्रति भी समर्थन का एलान किया.

# इलेक्ट्रॉनिक डेटा ईसी क्यों नहीं देता

**नयी दिल्ली, 7 अगस्त. कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर भारत की चुनावी प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल खड़े करते हुए गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में दावा किया कि देश के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाता जोड़े गए हैं और इसी के चलते चुनावों में भाजपा को अनुचित लाभ मिला.**

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने जब आयोग से डिजिटल वोटर लिस्ट और मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज मांगी तो आयोग ने असहयोग किया और यहां तक कि फुटेज डिलीट करने की बात भी कही, जो 21वीं सदी में चौंकाने वाली बात है.



**राहुल गांधी ने चुनावी प्रक्रिया पर उठाए सवाल**

**आरोप : दुरुपयोग से 33,000 फर्जी वोटर जुड़े पाए गए**

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने सबूत जुटाने के लिए एक स्वतंत्र जांच कराई, जिसकी शुरुआत कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र से की गई. उन्होंने बताया कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट पर भाजपा को कांग्रेस से करीब 32,707 वोट ज्यादा मिले, लेकिन इसी सीट के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को कांग्रेस पर 1.14 लाख वोटों की बड़ी बढ़त मिली, जो संदेह का कारण बना. जांच के अनुसार, महादेवपुरा सीट पर करीब 1 लाख 250 वोटों की चोरी हुई है. इनमें 11,000 से अधिक डुप्लीकेट मतदाता, 40,009 फर्जी पते वाले मतदाता, एक ही पते से 10,000 से ज्यादा वोटर, 4,000 फर्जी फोटो वाले वोटर और फॉर्म 6 (नए वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म) के दुरुपयोग से 33,000 से ज्यादा फर्जी वोटर जुड़े पाए गए.

### सांसद कार्ति को एक करोड़ रुपए ब्याज सहित लौटाया जाए : सुको

**नयी दिल्ली, 07 अगस्त.** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को निर्देश दिया कि विदेश यात्रा की पूर्व शर्त के तौर पर सांसद कार्ति पी चिदंबरम की ओर से जमा की गई एक करोड़ रुपये की राशि ब्याज सहित उन्हें एक सप्ताह में लौटा दी जाए. न्यायमूर्ति सूर्य कांत, उज्ज्वल भुयान और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उनकी 2023 की अर्जी स्वीकार करते हुए अदालत के सेक्रेटरी जनरल को यह आदेश दिया. पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता द्वारा जमा की गई एक करोड़ रुपये की राशि उस पर अर्जित ब्याज के साथ एक सप्ताह में जारी करने का निर्देश दिया जाता है.

# जस्टिस वर्मा को सुको से झटका

## भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर कार्यवाही के लिए खुला है विकल्प

**नयी दिल्ली, 07 अगस्त. उच्चतम न्यायालय ने कथित नगदी बरामदगी के आरोपों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका गुरुवार को खारिज कर दी. न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने यह फैसला सुनाया.**

पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति का गठन और उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया गैरकानूनी नहीं थी. पीठ ने कहा, हमने माना है कि मुख्य न्यायाधीश और आंतरिक समिति ने तस्वीरें और वीडियो अपलोड (शीर्ष



अदालत की वेबसाइट पर) करने के अलावा पूरी प्रक्रिया का पूरी ईमानदारी से पालन किया था.

अदालत ने आगे कहा, मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र भेजना (पद से हटाने के बारे में) असंवैधानिक नहीं था. पीठ ने यह भी कहा, भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर आपके (न्यायमूर्ति वर्मा) लिए कार्यवाही शुरू करने का विकल्प खुला है. पीठ ने कहा कि आंतरिक प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है.

# बहनों को 1,859 करोड़ किए अंतरित

**भोपाल, 7 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के अमिट रिश्ते का प्रतीक है, जो सामाजिक एकता और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करता है.**

उन्होंने द्रौपदी और श्रीकृष्ण की रक्षाबंधन कथा का उल्लेख करते हुए इसे भाई-बहन के रिश्ते की शक्ति का प्रतीक बताया, जहां श्रीकृष्ण ने जीवनभर द्रौपदी की रक्षा का संकल्प निभाया.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिये निरंतर कार्य कर रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 26 लाख 89 हजार लाड़ली बहनों के खातों में 1,859 करोड़ रुपए अंतरित किये. साथ ही उज्जवला योजना के अंतर्गत 28 लाख से अधिक बहनों को 43.90 करोड़ सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 41 हजार करोड़ से अधिक राशि लाड़ली बहनों को बांटी है.

# कांवड़ यात्रा में दो की मौत

**सीहोर, 07 अगस्त. मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में पंडित प्रदीप मिश्रा की कांवड़ यात्रा में भाग लेने आए दो और श्रद्धालुओं की मौत के साथ ही इस आयोजन में पिछले तीन दिन में मृतकों की संख्या सात हो गई है।**

इसी बीच मानव अधिकार आयोग ने भी स्वत: संज्ञान लेते हुए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर व्यवस्थाओं के संबंध में सवाल किए हैं। सूत्रों के अनुसार गुरुवार को दो और श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के पिपराइच बड़ा टोला तहसील के उपेन्द्र गुप्ता (25) और दिल्ली खेड़ा कलां के एक युवक (40) की मृत्यु हो गई। मृत्यु के कारण अभी पता नहीं चल सके हैं। इसके पहले कल कुबेरेश्वर धाम में तीन लोगों की प्राकृतिक तौर पर मौत हुई थी, जबकि मंगलवार को कथित तौर पर मची भगदड़ का शिकार होने से दो महिलाएं कालकवलित हो गईं थीं।

कांवड़ यात्रा में शामिल होने आए इन मृतकों की पहचान गुजरात से आए चतुर सिंह (50), रोहतक से आए ईश्वर सिंह (65), रायपुर से आए दिलीप सिंह (57), राजकोट से आईं जसवंती बेन (56) और फिरोजाबाद से आईं संगीता गुप्ता (48) के तौर पर हुई है।

### सीआरपीएफ वाहन खाई में गिरने से तीन जवान शहीद

**जम्मू, 07 अगस्त.** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ. बसंतगढ़ से ऑपरेशन पूरा कर लौट रही सीआरपीएफ की 187वीं बटालियन का वाहन कदवा के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया. हादसे में तीन जवान शहीद हो गए, जबकि 15 घायल हो गए हैं. मृतकों में कॉन्स्टेबल आनंद कोच (137 वाहिनी) और हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह (187 वाहिनी) की पहचान की गई है.

**रणनीति** गुरुवार को हुई एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से लिया फैसला

# पीएम मोदी उपराष्ट्रपति चुनने के लिए अधिकृत

**नयी दिल्ली, 07 अगस्त. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया.**

रिजिजू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजग के सदन के नेताओं ने मोदी और नड्डा को सत्तारूढ़ गठबंधन का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है.



संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है. संसद परिसर में भाजपा और उनके सहयोगियों के प्रमुख नेताओं की एक बैठक हुई, जिसमें यह फैसला लिया गया. संसद परिसर में राजग की गुरुवार को हुई बैठक में नड्डा के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह, जदयू के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, तेदेपा के लवू श्रीकृष्ण देवरायलु और लोजपा (रामविलास) के चिराग पासवान शामिल हुए.

### उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए कार्यक्रम अधिसूचित

**नयी दिल्ली, 07 अगस्त.** चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए नौ सितंबर को होने वाले चुनाव की अधिसूचना गुरुवार को जारी की. आयोग चुनाव कार्यक्रम पहले ही घोषित कर चुका है. इसके तहत नामांकन की अंतिम तिथि 21 अगस्त निर्धारित की गयी है. नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की जाएगी और नाम 25 अगस्त तक वापस लिए जा सकेंगे. आवश्यकता पड़ने पर मतदान नौ सितंबर को दिन में 10 से पांच बजे तक कराया जाएगा और उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी. इस चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को चुनाव अधिकारी बनाया गया है. राज्यसभा सचिवालय में संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाये गये हैं.